# योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया

परमहंस योगानन्द पथ, राँची 834 001, झारखण्ड • फ़ोन : 0651 6655 555

## प्रयागराज (इलाहाबाद) कुंभ मेला — 2025

प्रिय दिव्य आत्मन्,

हमारे परम प्रिय गुरुदेव श्री श्री परमहंस योगानन्द ने लिखा है, "अति प्राचीन काल से ही भारत में कुंभ मेलों का आयोजन होता रहा है। इन मेलों ने आध्यात्मिक लक्ष्यों को अनवरत रूप से जनसाधारण की दृष्टि के सामने बनाए रखा है।" हमारे गुरुदेव के इन वचनों से प्रेरित होकर योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) द्वारा कुंभ मेलों में शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी प्रकार हम अगले वर्ष के प्रारंभ में प्रयागराज (इलाहाबाद) में आयोजित होने वाले कुंभ मेले में एक वाईएसएस शिविर की व्यवस्था करने की योजना बना रहे हैं। इस शिविर में हम वाईएसएस/एसआरएफ़ भक्तों का स्वागत करते हैं।

इस शिविर का संचालन कुंभ मेला स्थल पर 10 जनवरी से 15 फरवरी, 2025 तक किया जाएगा। इस अवधि में पौष पूर्णिमा (सोमवार, 13 जनवरी), मकर संक्रांति (मंगलवार, 14 जनवरी), मौनी अमावस्या (बुधवार, 29 जनवरी), बसंत पंचमी (सोमवार, 3 फरवरी) और माघ पूर्णिमा (बुधवार, 12 फरवरी) के स्नान दिवस सम्मिलित होंगे।

शिविर की पूरी अवधि में, भक्तों के प्रवास को अधिक लाभप्रद बनाने की दृष्टि से वाईएसएस संन्यासियों के द्वारा विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में सामूहिक ध्यान, कीर्तन, सत्संग, और वीडियो शो सम्मिलित होंगे।

शिविर में रहने की व्यवस्था रेत पर बने तंबुओं में की जाएगी, जिनमें रेत पर पुआल डालकर उसके ऊपर तिरपाल बिछा होगा। बिस्तरों, तकियों, और कंबलों की व्यवस्था होगी। कृपया आप अपनी चादरें, तकियों के कवर, और स्लीपिंग बैग अपने साथ लेकर आएँ। पुरुषों और महिलाओं के ठहरने की व्यवस्था अलग-अलग तंबुओं में की जाएगी। वाईएसएस शिविर में रहने के इच्छुक भक्तों से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम के लिए अपना पंजीकरण करा लें। पंजीकरण प्रक्रिया और अन्य दिशानिर्देशों से संबंधित विवरण अगले पृष्ठ पर दिए गए हैं।

शिविर में सुविधाएँ सीमित होंगी और यह सुनिश्चित करने के लिए कि इन सीमित उपलब्ध सुविधाओं का उपयोग अधिक से अधिक भक्त कर सकें तथा अपने स्नान और अन्य अनुष्ठानों को पूरा कर सकें, वाईएसएस शिविर में आवास की व्यवस्था चार दिन और तीन रातों तक सीमित रखी गई है, जिसमें आगमन और प्रस्थान के दिन भी सम्मिलित हैं। चूँकि हमारे पास सीमित आवास सुविधा ही उपलब्ध है, इसलिए हमारा आपसे यह विनम्र निवेदन है कि आप किसी प्रमुख स्नान दिवस पर ही शिविर में भाग लेने का आग्रह न करें। इसके अतिरिक्त, कृपया यह प्रयास करें कि आपका आगमन तथा प्रस्थान इन मुख्य स्नान दिवसों में न हो, क्योंकि उस समय मेला परिसर में वाहनों के लिए आने जाने की अनुमति नहीं होती।

शिविर की सुविधाएँ मुख्य रूप से वाईएसएस भक्तों के लिए ही उपलब्ध हैं। परंतु हम यह मानते हैं कि संभवतः आपके वयोवृद्ध माता-पिता और संबंधी भी इस तीर्थयात्रा में सम्मिलित होना चाहते हैं। यदि आपके परिवार के सदस्य या निकट मित्र/संबंधी आपके यात्री समूह में सम्मिलित होना चाहते हैं तो हम उनका भी स्वागत करते हैं।

हमारे गुरुदेव ने कहा है, "सभी व्यक्तियों में ईश्वर के दर्शन करना सीखें, चाहे वे किसी भी जाति अथवा धर्म के हों। जब आप प्रत्येक व्यक्ति के साथ अपनी एकता का अनुभव करने लगेंगे, तभी आप यह जानेंगे कि दिव्य प्रेम क्या है, इसके पहले नहीं।"

आपको सदैव ईश्वर और गुरुओं की कृपा एवं मार्गदर्शन प्राप्त होता रहे।

दिव्य मैत्री में,<br>
योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया

# दिशानिर्देश

1) **पंजीकरण :** पंजीकरण शुल्क ₹ 2000/- प्रति व्यक्ति है।

a) **ऑनलाइन :** शीघ्र और सरल पंजीकरण के लिए, कृपया devotee.yssofindia.org पर अपने डिवोटी पोर्टल अकाउंट के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करें। एसआरएफ़ भक्त केवल ऑफ़लाइन माध्यम से ही पंजीकरण कर सकते हैं।

b) **ऑफ़लाइन :** यदि आप ऑनलाइन पंजीकरण करने में असमर्थ हैं तो आप हमारे सहायता केंद्र से संपर्क करके पंजीकरण कर सकते हैं।

कृपया निम्नलिखित विवरणों के साथ फ़ोन संख्या (0651) 6655 506 अथवा kumbha@yssi.org पर ईमेल के माध्यम से संपर्क करें :

i) आपका पूरा नाम
ii) आयु और लिंग
iii) पता
iv) ईमेल और टेलीफोन नंबर
v) वाईएसएस पाठमाला पंजीकरण संख्या (अथवा एसआरएफ़ पाठमाला पंजीकरण संख्या)
vi) आपके समूह के अन्य सदस्यों (यदि कोई हैं) का पूरा नाम, आयु, और लिंग, और उनका आपसे क्या संबंध है।
vii) आपके आगमन और प्रस्थान की प्रस्तावित तिथियाँ।
viii) यदि आपके प्रस्तावित दिनों में भारी भीड़ होती है तो आपके लिए किन वैकल्पिक तिथियों में आवास की व्यवस्था की जा सकती है। हम यथासंभव आपकी पहली प्राथमिकता का सम्मान करने का प्रयास करेंगे। हम ईमेल/एसएमएस/व्हाट्सएप के द्वारा आपके आवास की सूचना भेजेंगे, जिसे आपको कुंभ मेला शिविर में अपने साथ लेकर आना चाहिए।

आपके मोबाइल या ईमेल पर आपको एक भुगतान लिंक भेजा जाएगा जिसके द्वारा आप अपना भुगतान कर सकते हैं।

2) **भोजन :** दान के आधार पर सादे भोजन और चाय की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए कोई निश्चित शुल्क नहीं होगा।

3) **आवास :** शिविर में रहने की व्यवस्था रेत पर बने तंबुओं में की जाएगी, जिनमें रेत पर पुआल डालकर उसके ऊपर तिरपाल बिछा होगा। बिस्तरों, तकियों, और कंबलों की व्यवस्था होगी, लेकिन कृपया आप अपनी चादरें, तकियों के कवर, और स्लीपिंग बैग साथ लेकर आएँ। सपरिवार आने वाले भक्त अपना सामान इस बात को ध्यान में रखते हुए लाएँ कि पुरुषों और महिलाओं के ठहरने की व्यवस्था अलग-अलग तंबुओं में की जाएगी। चूँकि जनवरी और फरवरी में मौसम अत्यधिक ठण्डा होगा, इसलिए अपने साथ गर्म कपड़े, जैसे कि रजाई, स्लीपिंग बैग, स्वेटर, टोपी, और मोजे अवश्य लेकर आएँ। आप रेनकोट या छाता भी ला सकते हैं क्योंकि इन महीनों में कभी-कभी बरसात होने की संभावना भी होती है।

4) चूँकि शिविर में सीमित सुविधाएँ ही उपलब्ध होंगी, इसलिए केवल उन्हीं व्यक्तियों को शिविर में ठहरने की अनुमति दी जाएगी जिनके आवास की वाईएसएस द्वारा पुष्टि की गयी है। आपसे अनुरोध है कि आप अपने साथ उन मित्रों और परिवार के सदस्यों को न लेकर आएँ जिनके लिए उपर्युक्त पुष्टि नहीं की गयी है।

5) **अपने साथ क्या सामान लेकर आएँ :** बिस्तर, गर्म कपड़े (जैसा कि ऊपर बताया गया है), मच्छर भगाने की क्रीम, टॉर्च, आसन, और व्यक्तिगत प्रयोग हेतु अन्य आवश्यक वस्तुएँ।

6) **हमसे संपर्क करें :** यदि इस कार्यक्रम के संबंध में आपके मन में कोई प्रश्न हैं तो आप उन्हें ईमेल (kumbha@yssi.org) द्वारा भेज सकते हैं। आप प्रातः 9 बजे से सायं 4:30 के बीच वाईएसएस राँची आश्रम सहायता केंद्र से भी फोन संख्या (0651) 6655 506 पर संपर्क कर सकते हैं।

7) **वाईएसएस शिविर स्थल का पता :** कुंभ मेला प्रशासन ने अभी तक प्रतिभागी संस्थाओं को स्थलों का आवंटन नहीं किया है। शिविर स्थल के विवरण और मार्ग मानचित्र उपलब्ध होने पर हम उन्हें वाईएसएस वेबसाइट (https://yssi.org/KumbhaMela2025) पर पोस्ट करेंगे। शिविर स्थल का पता और मार्ग मानचित्र पंजीकृत प्रतिभागियों को ईमेल/एसएमएस/व्हाट्सएप के माध्यम से भी भेजा जाएगा।

8) **बेस कैंप :** वाईएसएस द्वारा इस पते पर एक बेस कैंप की व्यवस्था की जाएगी : योगदा सत्संग ध्यान केंद्र, प्रयागराज, 468/270, नई बस्ती, सोहबतिया बाग, प्रयागराज (इलाहाबाद), उत्तर प्रदेश – 211006; फोन : 9454066330, 9415369314, 9936691302; ईमेल : prayagraj@ysscenters.org